# सार्वजनिक सूचना
## वन विभाग हिमाचल प्रदेश
## वन वृत रामपुर में वन रक्षकों की भर्ती बारे।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश वन विभाग के रामपुर वन वृत में सरकार द्वारा वन रक्षकों के कुल 30 पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है । इन पदों को सरकार द्वारा अनुमोदित भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के तहत अनुबन्ध के आधार **(Contract Basis)** व वेतनमान **Rs. (5910-20200 Rs+ 2000 G.P.)** पर भरा जाना है। अनुबन्ध आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए भर्ती की जाएगी तथा इस अनुबन्ध का आगामी वर्षो में वार्शिक आधार पर नवीनीकरण किया जा सकेगा। भरे जाने वाले पदों का श्रेणीवार ब्यौरा निम्नलिखित हैः–

| श्रेणी | अनारक्षित | स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चे | भूतपुर्व सैनिक | खिलाड़ी | गृह रक्षक | आई0 आर0 डी0पी0 | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. सामान्य | 11 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 16 |
| 2. अनुसूचित जन–जाति | – | – | – | – | – | 1 | 1 |
| 3. अनुसूचित जाति | 5 | – | 1 | – | – | 1 | 7 |
| 4. अन्य पिछड़ी जाति | 3 | – | 1 | – | – | 2 | 6 |
| योग | 19 | 1 | 3 | 1 | 1 | 5 | 30 |

**नोटः–** 1. भूतपूर्व सैनिक **(Ex-Servicemen)** , गृह रक्षक (Home Guard) **व** खिलाडी़ **(Sportsman )** श्रेणियों की भर्ती सम्बन्धित विभागों के अनुमोदन के आधार पर की जाएगी जिसके लिए सम्बन्धित विभागों से अलग से पत्राचार किया जा रहा है।

2. उक्त पदों में अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जन–जातियों/ अन्य पिछड़े वर्गो और अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर इस बावत जारी किए गए आदेशों के अनुसार वृत स्तर पर आरक्षण दिया जायेगा।

**पात्रता की शर्तेः–**

1. अभ्यार्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
2. आवेदक का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में दर्ज होना अनिवार्य है व प्रार्थी का रोजगार पंजीकरण कार्ड आवेदन की तिथि पर वैद्य होना आवश्यक है।
3. आवेदक की आयु 1 जनवरी 2017 को 18 वर्ष से कम व 30 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

**नोटः–** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति एवम अन्य पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा में नियमानुसार छूट होगी। इसी प्रकार सार्वजनिक उपक्रम/स्वायत निकायों के सम्बन्धित अवेदकों को भी नियमानुसार छुट का प्रावघान है।

4. आवेदक ने किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड/ विश्वविद्यालय से 10+2 या इसके समतुल्य की परीक्षा उर्तीण की हो।
5. **न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः–**

| | **पुरूष** | **महिला** |
|---|---|---|
| 1. लम्बाई | 165 सै0मी0 | 150 सै0मी0 |
| 2. छाती (क)बिना फुलाए | 79 सै0 मी0 | 74 सै0 मी0 |
| (ख) फुलाकर | 84 सै0मी0 | 79 सै0 मी0 |

**नोटः–** अनुसूचित जन जाति के आवेदकों को लम्बाई में 5 सै0 मी0 और छाती के माप में 4 सै0 मी0 की छूट होगी।

**वांछ्नीय अहर्ताएं**

हिमाचल प्रदेश की रूढ़ियों, रीतियों और बोलियों का ज्ञान और प्रदेश में विद्यमान विशिश्ट दशाओं में नियुक्ति के लिए उपयुक्तता ।

**भर्ती प्रक्रियाः–**भर्ती प्रकिया में निम्नलिखित तीन परीक्षण होंगे जिनके अंक निम्न तालिका अनुसार है :–

| परीक्षण | निर्धारित अंक |
| --- | --- |
| शारीरिक दक्षता | ( केवल विशेषक ) (Only qualifying) |
| लिखित परीक्षा | 85 |
| मूल्यांकन मापदण्ड़ | 15 |
| योग | 100 |

1. शारीरिक दक्षता परीक्षण **(Physical Efficiency Test)** ( केवल विशेषक ) **(Only qualifying)** :– वे उम्मीदवार जो उपरोक्त शारीरिक माप दंड पूर्ण करते हो उनका शारीरिक दक्षता परीक्षण निम्न तालिका अनुसार किया जाएगा।

शारीरिक दक्षता परिक्षण **(Physycal Effeciency Test)** ( केवल विशेषक ) **(Only qualifying)** हेतू माप दण्डः–

| दौड़ | (पुरुष) | | (महिला) | | ( केवल विशेषक **Only qualifying**) दौड़ के लिए कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाऐगा |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | दूरी | अधिकतम समय | दूरी | अधिकतम समय | |
| | 100 मी0 | 14सै0 | 100 मी0 | 17 सै0 | |
| | 800 मी0 | 2मि0 45सै0 | 800 मी0 | 4 मि0 15सै0 | |
| कूद/ छलांग | ऊंची कूद/ छलांग कम से कम | लम्बी कूद/ छलांग कम से कम | ऊंची कूद/ छलांग कम से कम | लम्बी कूद/ छलांग कम से कम | नोट– प्रत्येक अभ्यार्थी को ऊंची कूद व लम्बी छलांग में अधिकतम तीन मौके दिए जाएगें। |
| | 1.25 मी0 | 4 मी0 | 1 मी0 | 3 मी0 | |

2. वे उम्मीदवार जो शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उर्तीण होगें, केवल उन्हे ही लिखित परीक्षा **(Written Test)** में बैठनें का अवसर प्रदान किया जाएगा। लिखित

परिक्षा की तिथि एवम स्थान बारे उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के पश्चात सूचित किया जाएगा ।

3. लिखित परिक्षा के 85 अंक होंगें ।इस परिक्षा में अंग्रेजी व हिन्दी भाशा, दसवी स्तर का सामान्य विज्ञान व गणित, वन, पर्यावरण एवं वन्य प्राणियों की सामान्य जानकारी, सामान्य ज्ञान, तर्क – वितर्क एवं योग्यता (reasoning and aptitude) इत्यादि विशयों के 85 वस्तुनिश्ठ प्रकार (objective type) प्रश्न होगें । लिखित परिक्षा का समय 75 मिनट का होगा । जिनके उतर हेतू 75 मिनट का समय दिया जाएगा । उतर पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतू प्रार्थी को नीली/काली स्याही का बाल पैन व लिखने के लिए गत्ता लाना अनिवार्य होगा ।

4. लिखित परिक्षा के परिणाम पर आधारित योग्यता सूची (Merit List) अनुसार उम्मीदवारों को मूल्यांकन मापदण्ड़ (Parameters for evaluations) हेतू बुलाया जाएगा, जिसके बारे उन्हें पंजीकृत पत्र/स्पीड पोस्ट द्वारा सूचित किया जाएगा। मूल्यांकन मापदण्ड के 15 अंकों मे से अधिकतम 5 (पांच) अंक निम्न तालिका अनुसार दिये जांएगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | एन0सी0सी0 भसी0” प्रमाण | 2 अंक |
| 2 | एन0सी0सी0 भबी0” प्रमाण पत्र, एस0एस0बी0 प्रशिक्षण प्रमाण पत्र | 1 अंक |
| 3 | राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी | 3 अंक |
| 4 | राज्य स्तर के खिलाड़ी | 1 अंक |
| 5 | विश्वविद्यालय/अन्तर विश्वविद्यालय/ राज्य / राष्ट्रीय स्तर का एन0एस0एस0 प्रमाण पत्र व सांस्कृतिक कियाकलापों का प्रमाण पत्र | 1 अंक |

**आवेदक के लिए निर्देशः–**

1. आवेदन पत्र निचे दिये गये निर्धारित प्रपत्र पर जो कि अच्छे सफेद कागज पर टाईप या छपा हो या स्वच्छ लिखित हो एवम उमीदवार द्वारा स्वंय भरा हुआ होना चाहिए ।
2. आवेदन पत्र में प्रविष्टियां हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में ही स्वीकार्य होगी ।
3. आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित सत्यापित दस्तावेज संलग्न करें ।

   i) मैट्रिक एवम 10+2 या समकक्ष पास का प्रमाण पत्र ।

   ii) श्रेणी प्रमाण पत्र ।

   iii) रोजगार कार्यालय में पंजीकरण का वैध प्रमाण पत्र ।

   vi) स्वंय का पता लिखे व पांच रूपये की डाक टिकट लगे दो लिफाफे।
4. आवेदन पत्र भरकर अरण्यपाल वन वृत रामपुर, हिमाचल प्रदेश को प्रेशित किये जायें।
5. आवेदन पत्र की जाचं के उपरान्त उमीदवारों को स्थानीय अखबार के माध्यम से शारीरिक दक्षता परिक्षा के बारे सूचित किया जाऐगा । पात्र उमीदवारों को शारीरिक दक्षता परिक्षा के बारे बुलावा पत्र (**Call letter**) द्वारा सूचित किया जाऐगा। यदि उमीदवार को किसी कारणवश सूचना नहीं मिल पाती है तो वह शारीरिक दक्षता परिक्षा के शुरू होने से पहले वन वृत कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10 बजे से 5 बजे सांय तक सर्म्पक कर सकते है।
6. अन्तिम तिथि एवम समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा ।
7. आवेदक के हस्ताक्षर बिना प्राप्त आवेदन पत्र रद किऐ जाएगे ।
8. यदि कोई आवेदन पत्र अधूरा प्राप्त होता है तो उसे रद कर दिया जाएगा

9. यदि शारीरिक दक्षता परिक्षा एवम व्यक्तिगत परिक्षा की प्रक्रिया निर्धारित तिथि को पूर्ण नहीं होती है तो वह अगले दिन भी जारी रहेगी ।

10. आवेदक शारीरिक दक्षता परिक्षा एवम व्यक्तिगत परिक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज मूल रूप में अपने साथ अवश्य लाएं ।

क. मैट्रिक एवम 10+2 या समकक्ष पास का प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र

ख, अनुसूचित जाति/अनूसूचित जन जाति/ अन्य पिछ्डा वर्ग व स्वतन्त्रता सैनानियों के बच्चों/पौत्र/पौत्री/आई आर डी0पी0/अन्तयोदय का प्रमाण पत्र ।

ग एन0 सी0 सी0 /एन0 एस0एस0 /खेल, अन्य पाठ्य सहायक क्रियाओं में भाग लेने ईत्यादि से सम्बधिन्त प्रमाण पत्र ।

घ रोजगार कार्यालय में पंजीकरण का वैद्य प्रमाण पत्र ।

ड. जब अभ्यार्थी शारीरिक दक्षता परिक्षण हेतू बुलाए जाएगे उस समय वह चार प्रतियां पास पोर्ट साईज फोटोग्राफ साथ लाये ।

10 अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवार जो कि 32 कि0 मी0 से अधिक दूरी से मूल्यांकन मापदण्ड़ (Parameters for evaluations) के लिए आएगे वह नियमानुसार आने जाने के वास्तविक न्यून्तम बस किराए की राशि के पात्र होगें । अन्य उम्मीदवारों को कोई भी यात्रा भता देय नहीं होगा।

11 यदि प्रार्थी किसी भी परिक्षण के लिए निर्धारित तिथियों को उपस्थित नहीं होता है, तो उसकी उमीदवारी रदद् समझी जाएगी।

12 सक्षम प्राधिकरी बिना कोई कारण बताये/ बिना शर्त, इस चयन प्रक्रिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव का अधिकार रखता है।

13 अनुबन्ध पर नियुक्त अभ्यार्थी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितिकरण का कोई अधिकार नहीं होगा ।

14 जिन अभ्यार्थियों का निवेदन फार्म डाक द्वारा या किसी अन्य कारणें से निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होता है तो वह मान्य नहीं होगा तथा इसके लिये वन विभाग उत्तरदायी नहीं होगा ।

15 भर्ती हेतू इच्छुक आवेदक अपना आवेदन निर्धारित प्रपत्र पर मुख्य अरण्यपाल वन वृत रामपुर, हिमाचल प्रदेश, पिन कोड 172001 के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक व्यक्तिगत तौर पर या डाक द्वारा दिनांक 01-06-2017 से 30-06-2017 तक जमा करवा सकते है। जनजातिय क्षेत्रों जैसे किन्नौर, पांगी, भरमौर, लाहौल व स्पिति और डोडरा क्वार क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए प्रार्थना पत्र दिनांक 15-07-2017 सायं 5 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करवाये जा सकते हैं। इच्छुक आवेदक अपना आवेदन वन विभाग के वेबसाईट पर url address (http://forp.hp.gov.in) पर या सीधे आवेदन कर सकते हैं । अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकता है ।

**http://forp.hp.gov.in**

16 प्रार्थी प्रार्थना पत्र के लिफाफे के ऊपर वन रक्षकों की भर्ती हेतू" लिखें व निम्नलिखित पतें पर भेजें ।

मुख्य अरण्यपाल ,
वन वृत रामपुर बुशैहर (हि0प्र0)
दूरभाष न0 01782233068

17 भर्ती प्रक्रिया से संम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए अभ्यार्थी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय में व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाश न0 01782-233068 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मुख्य अरण्यपाल ,
वन वृत रामपुर बुशैहर(हि0प्र0)
दूरभाष न0 01782233068